# BULANDSHAHR POLICE

**दिनांक 18 मई, 2026** **थाना सिकन्द्राबाद**

## रवित की हत्या में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, निशांदेही से घटना मे प्रयुक्त आलाकत्ल डंडा बरामद।

अवगत कराना है कि दिनांक 13.05.2026 को थाना सिकन्द्राबाद क्षेत्रान्तर्गत ग्राम शेरपुर-अंधैल के शमशान की भूमि पर एक व्यक्ति रवित पुत्र रमेश निवासी ग्राम ढौलडी थाना तितावी जनपद मुजफ्फरनगर का शव मिला था, जो सिकन्द्राबाद में बिजली की ठेकेदारी का काम करता था। इस संबंध में मृतक के भाई मोहित कुमार की तहरीर के आधार पर थाना सिकन्द्राबाद पर मुअस- 440/26 धारा 103(1)/3(5) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था । घटना में संलिप्त एक अभियुक्त रवि भाटी को दिनांक 16.05.2026 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।

इसी क्रम में हत्या में वांछित अभियुक्त निखिल को थाना सिकन्द्राबाद पुलिस द्वारा ग्राम शेरपुर के पास से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त की निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल डंडा बरामद किया गया ।

अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है ।

### गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1. निखिल पुत्र रवि भाटी निवासी ग्राम शेरपुर थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर ।

### बरामदगी-

1. 01 डंडा (आलाकत्ल)

### गिरफ्तार करने वाली थाना सिकन्द्राबाद पुलिस टीम-

1. श्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना सिकन्द्राबाद
2. उ0नि0 हरेन्द्र सिंह, उ0नि0 अमित राठौर।
3. का0 नरसी सिंह, का0 सौरव धनकड़।

**मीडिया सेल बुलंदशहर।**